INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VIII (3rd Lang)	Department: Hindi	Month- January-2026
Q. Bank & Grammar	**Topic:** दुबई: वैभव का प्रतिमान	**Note: Pls. check with your class work.**

अति लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न1: दुबई कहाँ पर स्थित है?
उत्तर: दुबई फ़ारस की खाड़ी के दक्षिण में अरब सागर के पूर्वी तट पर स्थित है।

प्रश्न2: दुबई के आसपास कौन-कौन सी जगह हैं?
उत्तर: दुबई के दक्षिण में अबू धाबी, पूर्वोत्तर में शारजाह स्थित है।

प्रश्न3: सितंबर-अक्टूबर में दुबई का तापमान कितना होता है?
उत्तर: सितंबर-अक्टूबर में दुबई का तापमान 38 से 42 डिग्री सेल्सियस होता है।

प्रश्न4: दुनिया की सबसे ऊँची इमारत कौन-सी है?
उत्तर: दुनिया की सबसे ऊँची इमारत बुर्ज खलीफ़ा (829-24 मीटर) है।

लघु प्रश्न-उत्तर

प्रश्न1: दुबई को धरती का जन्नत क्यों कहा जाता है?
उत्तर: जैसे जन्नत में सभी सुख-सुविधाएँ, ऐशो-आराम तथा विलासिता की चीज़ उपलब्ध होती हैं, वैसे ही दुबई में भी ये सभी चीज़ सहज ही उपलब्ध हैं। इसलिए इस शहर को धरती का जन्नत कहा जाता है।

प्रश्न2: दुबई में ट्रैफ़िक की क्या व्यवस्था है?
उत्तर: दुबई में ट्रैफ़िक के नियम सख्त हैं। यहाँ सड़कों पर ट्रैफ़िक पुलिस नहीं होती है। हर जगह कैमरे लगे होते हैं तथा ट्रैफ़िक का नियम तोड़ने पर फाइन लग जाती है, साल के अंत तक फाइन न भरने पर वाहन चलाने की अनुमति नहीं मिलती।

प्रश्न3- दुबई में लोग ज़मीन पर क्यों नहीं थूकते?

उत्तर: दुबई के लोग मानते हैं कि यहाँ की ज़मीन से निकले तेल की बदौलत ही आज दुबई इस अद्भुत ऊँचाई पर है तथा उन्हें हर वह चीज़ उपलब्ध है, जिसकी कल्पना मनुष्य करता है। इसी कारण ज़मीन को सम्मान देने के लिए वहाँ के लोग उस पर न तो थूकते हैं और न ही गंदगी फैलाते हैं।

प्रश्न4- दुबई मेट्रो के विषय में अपने शब्दों में लिखिए।

उत्तर: दुबई में परिवहन व्यवस्था को और दुरुस्त करने के लिए 9 सितंबर, 2009 को मेट्रो रेल की शुरुआत की गई। यह मेट्रो 75 किलोमीटर तक सेवा में है तथा पूरी तरह स्वचालित है। इस कारण इसे गिनीज़ बुक ऑफ़ वर्ल्ड रिकॉर्ड में शामिल किया गया है।

प्रश्न5: दुबई की कौन-सी चीजें सबको आकर्षित करती हैं?

उत्तर: गहरा नीला समुद्र, रेगिस्तान, चकाचौंध करने वाली रोशनी, भव्य इमारतें, लज़ीज़ पकवान जैसी चीज़ सबको दुबई की ओर आकर्षित करती हैं।

बहु विकल्पी प्रश्न (MCQ)

प्रश्न1- दुबई की कौन-कौन सी विशेषताएँ हमें आकर्षित करती हैं?

- ○ गहरा नीला समुद्र
- ○ भव्य इमारतें
- ○ लजीज पकवान
- ○ उपर्युक्त सभी

प्रश्न2- दुबई में मेट्रो की शुरुआत हुई?

- ○ दिसंबर 2009
- ○ सितंबर 2011
- ○ सितंबर 2009
- ○ इनमें से कोई नहीं

प्रश्न3- दुबई संग्रहालय किसके नाम से प्रसिद्ध है?

- ○ बुर्ज खलीफ़ा
- ○ अलमस्त
- ○ जन्नत
- ◉ अल फ़हिदी

Answers- 1. उपर्युक्त सभी 2. सितंबर 2009 3. अल फ़हिदी

प्रश्न- उचित शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरिए।

1- आसमान छूती -------------------------- का यह शहर हर पल हैरान करता है।

2- दुबई में -------------------------- को लेकर काफ़ी सख़्ती है।

3- रेगिस्तान के शहर को धरती का -------------------------- कहा जा सकता है।

4- दुबई ----------------------- को देखे बिना दुबई की यात्र पूरी नहीं हो सकती।

5- यूएई की सभी अमीरातों में से दुबई की ------------------- सबसे अधिक है।

Answers- 1. इमारतों 2. ट्रैफ़िक 3. जन्नत 4. संग्रहालय 5. आबादी

व्याकरण भाग

प्र- दिए गए शब्दों के बहुवचन लिखिए।

एक बहुवचन	**बहु बहुवचन**
1- इमारत	इमारतें
2- सुविधा	सुविधाएँ
3- चीज	चीज़ें
4- टीला	टीले
5- सड़क	सड़के
6- कमरा	कमरे
7- दीवार	दीवारें
8- पुस्तक	पुस्तकें
9- दिशा	दिशाएँ
10- छुट्टी	छुट्टियाँ

प्र- दिए गए शब्दों के **दो-दो पर्यायवाची** लिखिए|

1- तट -	कूल, किनारा
2- पेड़ -	वृक्ष, तरु
3- ज़मीन -	धरती, भूमि
4- समुद्र -	सागर, सिंधु
5- वायु-	हवा, पवन

6- बादल - मेघ, घन

7- जल - पानी, नीर

8- पर्वत - पहाड़, गिरि

9- इच्छा - चाह, कामना

10- लक्ष्य - मंज़िल, उद्देश्य

प्र- दिए गए शब्दों के **विलोम** लिखिए|

शब्द	**विलोम**
1- एक	अनेक
2- ऊपर	नीचे
3- गहरा	उथला
4- भीतर	बाहर
5- ऊँचा	नीचा
6- आधुनिक	प्राचीन

प्र- दिए गए शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए|

अशुद्ध शब्द	**शुद्ध शब्द**
1. परयटक -	पर्यटक
2. संस्क्रीती -	संस्कृति
3. दुनीया -	दुनिया
4. सहर -	शहर
5. इतीहास -	इतिहास
6. भुगोल -	भूगोल
7. हींदी -	हिंदी
8. प्रदुषण -	प्रदूषण
9. स्वीकृती -	स्वीकृति
10. प्रतीमान -	प्रतिमान

---समाप्त---